राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–65/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार लोक भवन में अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, दादर एवं नगर हवेली, दमन एवं दिउ, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं ओडिशा के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 25 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, दादर एवं नगर हवेली, दमन एवं दिउ, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं ओडिशा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं इन प्रदेशों की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की अपनी अलग–अलग पहचान है। प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल से हम सभी राज्यों को जान और समझ पाते हैं और इससे हमारे देश की एकता और अखंडता मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि ओडिशा में आपदा के चलते पहले जान–माल की काफी क्षति होती थी, परन्तु अब इसमें बहुत कमी आई है और वहाँ की आधारभूत संरचना बेहतर हो रही है। हिमाचल प्रदेश भी लगभग हर वर्ष आपदा के चपेट में आता है, परन्तु वह आगे बढ़ रहा है और वहाँ के विकास का मॉडल अन्य पहाड़ी राज्यों के लिए अनुकरणीय है। मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल भारत के सबसे स्वच्छ शहर हैं। छत्तीसगढ़ लगातार प्रगति कर रहा है। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दिउ भी लगातार विकास की ओर अग्रसर हैं। इस सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों का भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर इन राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) श्रीमती रचना पाटिल एवं आई०जी० (प्रशिक्षण) श्रीमती अनुसूइया रणसिंह साहू ने भी संबोधित किया।

आगे पृष्ठ....2 पर

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री मयंक बरवडे, राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे इन प्रदेशों के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे वहाँ के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....